**पाठ–6**

# पत्ता हूँ मैं हरा–हरा




पत्ता हूँ मैं हरा–हरा
बाग–बगीचे में भरा–भरा,
कभी डाल पर सजा हुआ,
कभी जमीं पर पड़ा हुआ।
नजर जिधर दौड़ाओगे,
मुझे उधर ही पाओगे।
पत्ता हूँ मैं गोल–गोल,
संग हवा के रहता डोल,
लम्बे–लम्बे, छोटे–छोटे,
कुछ चिकने, कुछ कटे–फटे,
धूप लगे मुरझाता हूँ,
पानी पा इठलाता हूँ।
पत्ता हूँ मैं बड़े काम का,
चाहे पीपल, चाहे आम का,
तुलसी है घर का खास,
पुदीने से बुझती प्यास।
बच्चों का यह कहना है।
संग पत्तों के रहना है।



1. इस कविता में किन–किन पत्तों की बात की गई है? उनके नाम लिखिए।

---------------------------------------------

---------------------------------------------

2. इसी तरह के बहुत सारे पत्ते आपके आस–पास भी पाए जाते होंगे। उन्हें इकट्ठा करके नामों की सूची बनाइए। यदि नाम नहीं जानते तो पता करने की कोशिश कीजिए।

----------    ----------    ----------

----------    ----------    ----------

----------    ----------    ----------

रिया अपने साथियों के साथ पत्ते इकट्ठे करने गई। उसने देखा कि पत्ते अलग–अलग दिखते हैं। कोई पत्ता नुकीला है तो कोई गोल है। किसी के किनारे कटे–फटे हैं, तो किसी के बिल्कुल सीधे हैं। उसने एक तालिका बनाकर इन सबके नाम लिखें।

3. आपने जो पत्ते इकट्ठे किये हैं, आकार और किनारे के आधार पर उनके नाम लिखिए।




| क्र.सं. | नोकवाले पत्ते | गोल पत्ते |
|---|---|---|
| 1. | पीपल | बरगद |
| 2. | | |
| 3. | | |
| 4. | | |
| 5. | | |
| 6. | | |



4. **कौन–कौन से पत्तों के किनारे कटे–फटे हैं?**

————————————————————————


————————————————————————



5. **कौन–कौन से पत्तों के किनारे कटे–फटे नहीं हैं?**

————————————————————————

————————————————————————



6. **नीचे दी गई जगह में अपने पसन्द के किन्हीं दो पत्तों के चित्र बनाइए।**

| | |
|---|---|
| | |

## चलो छाप बनाएँ–

शालू ने अपने पसन्द के पत्तों में से कुछ के चित्र और कुछ की छाप बनाई। छाप बनाने के लिए उसने सबसे पहले पत्ते को, जिस तरफ उसकी नसें उभरी हुई थीं, एक मेज या जमीन पर रख दिया।

अब हल्के हाथ से कागज पर मोम कलर फेर दिया। पत्ते का चित्र उभरकर आ गया।

7. आप भी अपनी कॉपी में अलग–अलग पत्तों की छाप बनाइए। मोम कलर न हो तो पेन्सिल का उपयोग कर सकते हैं।

8. ऐसी कौन–कौन से पत्ते हैं जिन्हें आपके घर में खाने में इस्तेमाल किया जाता है?

——————————————————————————————

——————————————————————————————

9. खाने के अलावा पत्तों को और किस–किस तरह के कामों में उपयोग किया जाता है?

——————————————————————————————

——————————————————————————————

10. नीचे कुछ पत्तों के नाम दिए जा रहे हैं। उनके उपयोग के बारे में पता करके लिखिए।

मेंहदी का पत्ता ————————————————————

सहजन का पत्ता

तुलसी का पत्ता

गेंदा का पत्ता ————————————————————

नीम का पत्ता ————————————————————

केला का पत्ता ————————————————————

## 11. पत्तियों से जानवर का आकार बनाइए

विभिन्न आकार–प्रकार की पत्तियों को एकत्रित कीजिए। उसके ठंडल को निकालकर सूखने दीजिए। चार्ट पेपर पर चिपकाकर जानवर का आकार दीजिए।

आवश्यकतानुसार पत्तियों को काटा भी जा सकता है।



CCC